# कुलाधिपति से शिष्टाचार भेंट की प्रो. सुदेश ने



गोहाना मुद्रिका एप, 17 मार्च : बी.पी.एस. महिला विश्वविद्यालय की वी.सी. प्रो. सुदेश ने राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बंडारू दत्तात्रेय से हरियाणा राजभवन में शिष्टाचार भेंट की। वी.सी. प्रो. सुदेश ने 3 साल के लिए पुनः उन पर विश्वास जताने के लिए दत्तात्रेय का आभार व्यक्त किया।

प्रो. सुदेश ने राज्यपाल को विश्वविद्यालय की वित्तीय एवं शैक्षणिक व्यवस्था से अवगत करवाते हुए बताया कि विश्वविद्यालय में छात्राओं के लिए पहले से स्थापित यूनिवर्सिटी सेंटर फॉर कॉम्पिटिटिव एग्जाम के अंतर्गत संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित आई.ए.एस. की नि:शुल्क तैयारी की योजना पर काम किया जा रहा है। वी.सी. ने उन्हें बताया कि किस तरह पढ़ाई, खेल और अन्य गतिविधियों के माध्यम से 7000 ग्रामीण प्रतिभाओं को निखारने का काम महिला विश्वविद्यालय कर रहा है।

उन्होंने कुलाधिपति को विभिन्न क्षेत्रों जैसे नई शिक्षा नीति 2020 को लागू करना , हाल ही में विश्वविद्यालय द्वारा स्वीकृत किए पी.जी. कोर्स, रिसर्च प्रोजेक्ट, ए.आई.यू. द्वारा आयोजित ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी प्रतियोगिताओं में विश्वविद्यालय की उपलब्धियों तथा विश्वविद्यालय को प्रतिष्ठित ग्रीन मैट्रिक्स रैंकिंग में विश्व भर में 441 वां तथा भारत भर में 16 वां स्थान हासिल करने के बारे में भी सूचित किया।

प्रो. सुदेश ने कुलाधिपति को बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा संचालित सभी इंजीनियरिंग कोर्स के लिए नेशनल बोर्ड ऑफ़ एक्रीडेशन, टेक्निकल एजुकेशन डिपार्टमेंट से मान्यता के लिए तथा चार वर्षीय इंटीग्रेटेड टीचर ट्रेनिंग प्रोग्राम एन.सी.टी.ई. द्वारा मान्यता के लिए प्रोसेस में है जिस की आने वाले शैक्षणिक वर्ष में लागू होने की प्रबल सम्भावना है।

विश्वविद्यालय को प्रगति यात्रा में जरूरी सहयोग का आश्वासन राज्यपाल-कुलाधिपति श्री बंडारू दत्तात्रेय ने दिया।

पंजाब केसरी
TUE, 18 MARCH 2025
EDITION: SONIPAT KESARI, PAGE NO. 4

# पुनः नियुक्ति के बाद प्रो. सुदेश ने कुलाधिपति से की शिष्टाचार भेंट



*बंडारू दत्तात्रेय को पुष्पगुच्छ भेंट करते हुए प्रो. सुदेश। (अरोड़ा)*

गोहाना, 17 मार्च (अरोड़ा) : बी.पी.एस. महिला विश्वविद्यालय की वी.सी. प्रो. सुदेश ने राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बंडारू दत्तात्रेय से हरियाणा राजभवन में शिष्टाचार भेंट की। वी.सी. प्रो. सुदेश ने 3 साल के लिए पुन: उन पर विश्वास जताने के लिए दत्तात्रेय का आभार व्यक्त किया।

प्रो. सुदेश ने राज्यपाल को विश्वविद्यालय की वित्तीय एवं शैक्षणिक व्यवस्था से अवगत करवाते हुए बताया कि विश्वविद्यालय में छात्राओं के लिए पहले से स्थापित यूनिवर्सिटी सैंटर फॉर कॉम्पिटिटिव एग्जाम के अंतर्गत संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित आई.ए.एस. की नि:शुल्क तैयारी की योजना पर काम किया जा रहा है।

वी.सी. ने उन्हें बताया कि किस तरह पढ़ाई, खेल और अन्य गतिविधियों के माध्यम से 7000 ग्रामीण प्रतिभाओं को निखारने का काम महिला विश्वविद्यालय कर रहा है।

उन्होंने कुलाधिपति को विभिन्न क्षेत्रों जैसे नई शिक्षा नीति 2020 को लागू करना, हाल ही में विश्वविद्यालय द्वारा स्वीकृत किए पी.जी. कोर्स, रिसर्च प्रोजैक्ट, ए.आई.यू. द्वारा आयोजित ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी प्रतियोगिताओं में विश्वविद्यालय की उपलब्धियों तथा विश्वविद्यालय को प्रतिष्ठित ग्रीन मैट्रिक्स रैंकिंग में विश्व भर में 441वां तथा भारत भर में 16वां स्थान हासिल करने के बारे में भी सूचित किया।

प्रो. सुदेश ने कुलाधिपति को बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा संचालित सभी इंजीनियरिंग कोर्स के लिए नैशनल बोर्ड ऑफ एक्रीडेशन, टैक्निकल एजुकेशन डिपार्टमैंट से मान्यता के लिए तथा 4 वर्षीय इंटीग्रेटेड टीचर ट्रेनिंग प्रोग्राम एन.सी.टी.ई. द्वारा मान्यता के लिए प्रोसैस में है जिसकी आने वाले शैक्षणिक वर्ष में लागू होने की प्रबल सम्भावना है।

विश्वविद्यालय को प्रगति यात्रा में जरूरी सहयोग का आश्वासन राज्यपाल-कुलाधिपति बंडारू दत्तात्रेय ने दिया।

अजीत समाचार

# भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुदेश ने राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय से शिष्टाचार भेंट की

चंडीगढ़/ गोहाना, 17 मार्च (राम सिंह बराड़ /रामनिवास धीमान): खानपुर कलां स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुदेश ने आज हरियाणा के राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बंडारू दत्तात्रेय से हरियाणा राजभवन में शिष्टाचार भेंट की। कुलपति प्रो. सुदेश ने 3 साल के लिए पुन: उन पर विश्वास जताने के लिए कुलाधिपति बंडारू दत्तात्रेय का धन्यवाद व आभार व्यक्त किया। प्रो. सुदेश ने महामहिम राज्यपाल को विश्वविद्यालय की वित्तीय एवं शैक्षणिक व्यवस्था से अवगत करवाते हुए बताया कि विश्वविद्यालय में छात्राओं के लिए पहले से स्थापित यूनिवर्सिटी सेंटर फॉर कॉम्पिटिटिव एग्जाम के अंतर्गत संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित आईएएस की निशुल्क तैयारी के लिए योजना पर काम किया जा रहा है। और पढ़ाई, खेल व अन्य गतिविधियों के माध्यम से 7000 ग्रामीण प्रतिभा को निखारने का काम विश्वविद्यालय कर रहा है। उन्होंने कुलाधिपति को विश्वविद्यालय की उपलब्धियों तथा ग्रीन मैट्रिक्स रैंकिंग में विश्व भर में 441वां तथा भारत भर में 16वां स्थान हासिल करने के बारे भी बताया। इसके साथ बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा संचालित सभी इंजीनियरिंग कोर्स के लिए नेशनल बोर्ड ऑफ एक्रीडेशन, टैक्निकल एजुकेशन डिपार्टमैंट से मान्यता के लिए तथा चार वर्षीय इंटीग्रेटेड टीचर ट्रेनिंग प्रोग्राम एनसीटीई द्वारा मान्यता के लिए प्रोसेस में है।



महामहिम राज्यपाल एवं कुलाधिपति से शिष्टाचार भेंट के दौरान कुलपति प्रो. सुदेश।

कार्यक्रम | कुलपति प्रो. सुदेश ने राज्यपाल बंडारू से शिष्टाचार भेंट की

# सेंटर फॉर कॉम्पिटिटिव एग्जाम में फ्री यूपीएससी की तैयारी करवाएगा विश्वविद्यालय : प्रो. सुदेश

- कुलपति ने 3 साल के लिए पुनः उन पर विश्वास जताने के लिए कुलाधिपति का आभार व्यक्त किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहाना

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय (विवि), खानपुर कलां की कुलपति प्रो. सुदेश ने राज्यपाल एवं विवि के कुलाधिपति बंडारू दत्तात्रेय से हरियाणा राजभवन में शिष्टाचार भेंट की। कुलपति ने 3 साल के लिए पुनः उन पर विश्वास जताने के लिए कुलाधिपति का आभार व्यक्त किया। प्रो. सुदेश ने महामहिम राज्यपाल को विवि की वित्तीय एवं शैक्षणिक व्यवस्था से अवगत करवाते हुए बताया कि विवि में छात्राओं के लिए पहले से स्थापित यूनिवर्सिटी सेंटर फॉर कॉम्पिटिटिव एग्जाम के अंतर्गत संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित आईएएस की निःशुल्क तैयारी के लिए योजना पर काम किया जा रहा है। कुलपति ने उन्हें बताया कि विवि द्वारा पढ़ाई, खेल व अन्य गतिविधियों के माध्यम से 7000 ग्रामीण प्रतिभा को निखारने का काम महिला विवि कर रहा है। विवि द्वारा नई शिक्षा नीति 2020 को लागू करना, हाल ही में विवि द्वारा स्वीकृत किए पीजी कोर्स, रिसर्च प्रोजेक्ट, एआईयू द्वारा आयोजित आल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी प्रतियोगिताओं में विवि की उपलब्धियों तथा विवि को प्रतिष्ठित ग्रीन मैट्रिक्स रैंकिंग में विश्व भर में 441 वां तथा भारत भर में 16 वां स्थान हासिल करने के बारे में भी सूचित किया। कुलपति प्रो. सुदेश ने कुलाधिपति को बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा संचालित सभी इंजीनियरिंग कोर्स के लिए नेशनल बोर्ड ऑफ एक्रीडेशन, टेक्निकल एजुकेशन डिपार्टमेंट से मान्यता के लिए तथा चार वर्षीय इंटीग्रेटेड टीचर ट्रेनिंग प्रोग्राम एनसीटीई द्वारा मान्यता के लिए प्रोसेस में है जिस की आने वाले शैक्षणिक वर्ष में लागू होने की प्रबल सम्भावना है। राज्यपाल ने विवि को प्रगति यात्रा में जरूरी सहयोग का आश्वासन दिया।



सोहाना। राज्यपाल एवं कुलाधिपति बंडारू दत्तात्रेय से शिष्टाचार भेंट करते हुए कुलपति प्रो. सुदेश। फोटो : हरिभूमि

# Sonepat women university Vice-Chancellor meets Guv



Vice-Chancellor Sudesh with Governor Bandaru Dattatreya.

TRIBUNE NEWS SERVICE

SONEPAT, MARCH 17

Bhagat Phool Singh Women's University, Sonepat, Vice-Chancellor Sudesh paid a courtesy visit to Governor Bandaru Dattatreya, who is also the Chancellor of the university, at Haryana Raj Bhawan.

Sudesh expressed her gratitude to Dattatreya for reposing his faith in her for three more years.

Sudesh informed the Governor about financial and educational matters of the university, and said a scheme was being worked out for providing free coaching for the UPSC examination.

The Vice-Chancellor apprised him of the workings of the university, stating that the varsity was encouraging 7,000 rural girls through studies, sports and other extra-curricular activities.

The VC told Dattatreya that the National Board of Accreditation process for technical education was under active consideration for engineering courses run by the varsity, and the four-year Integrated Teacher Education Programme (ITEP) of the Education Department was likely to be approved by NCTE for the upcoming academic session.

Dattatreya assured the VC of providing the university necessary support in its journey.

# महिला विवि की कुलपति ने राज्यपाल से की भेंट



**गोहाना** | बीपीएस महिला विवि की कुलपति प्रो. सुदेश ने हरियाणा के राज्यपाल एवं विवि के कुलाधिपति बंडारू दत्तात्रेय से हरियाणा राजभवन में शिष्टाचार भेंट की। उन्होंने 3 साल के लिए पुनः उन पर विश्वास जताने के लिए आभार व्यक्त किया। प्रो. सुदेश ने विवि की वित्तीय एवं शैक्षणिक व्यवस्था से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि विवि में छात्राओं के लिए पहले से स्थापित यूनिवर्सिटी सेंटर फॉर कॉम्पीटिटिव एग्जाम के अंतर्गत संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित आईएएस की निःशुल्क तैयारी पर काम किया जा रहा है। पढ़ाई, खेल व अन्य गतिविधियों के माध्यम से 7000 छात्राओं को निखारने का काम करने समेत विभिन्न उपलब्धियों के बारे में बताया। राज्यपाल ने प्रदेश सरकार की ओर से विवि की प्रगति में जरूरी सहयोग का आश्वासन दिया।